सत्यमेव जयते



भारत का महावाणिज्य दूतावास

बीरगंज (नेपाल)

****

भारतीय महावाणिज्य दूतावास, बीरगंज की ओर से, मैं भारत के 74वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नेपाल में रह रहे भारतीय समुदाय और भारत के दोस्तों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। हमने 12 मार्च 2021 को शुरू होने के बाद से 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है और 15 अगस्त 2023 को इसकी समाप्ति तक ऐसा करना जारी रखेंगे। महावाणिज्य दूतावास समुदाय का धन्यवाद करता है जो हमारे साथ शामिल हुआ और जन-भागीदारी की भावना के साथ उत्सव को जन-उत्सव बनाया।

भारत अब अगले 25 वर्षों के लिए मजबूत राजनीतिक व्यवस्था, मजबूत अर्थव्यवस्था और वैश्विक भलाई के साथ एक कुशल, मजबूत, लचीला और परिणामोन्मुखी विदेश नीति के दृष्टिकोण के साथ 'अमृत काल' में प्रवेश कर रहा है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव (AKAM) मनाने के लिए महावाणिज्य दूतावास द्वारा उल्लेखनीय कार्यक्रम आयोजित किए गए जैसे - विश्व रक्तदाता दिवस (14 जून 2022) और विश्व एड्स दिवस (01 दिसंबर 2022) के अवसर पर रक्तदान शिविर; क्रिकेट मैच; साइकिल रैली; मैराथन; बैडमिंटन टूर्नामेंट; संविधान दिवस; आयुर्वेद दिवस; हिंदी दिवस; संगोष्ठी, कार्यशालाएं; वेबिनार; चितवन, बीरगंज और जनकपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस; बीरगंज और जनकपुर में भारतीय सांस्कृतिक कार्यक्रम; प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं; निबंध प्रतियोगिताएं; फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं; कविता प्रतियोगिताएं; रेखाचित्र (स्केच) प्रतियोगिताएं इत्यादि। महावाणिज्य दूतावास ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (08 मार्च), विश्व थैलेसीमिया दिवस (08 मई), विश्व हेपेटाइटिस दिवस (28 जुलाई), आयुर्वेद दिवस / धनवंतरी जयंती, विश्व क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज दिवस (सीओपीडी) (16 नवंबर), विश्व मानवाधिकार दिवस (10 दिसंबर) जैसे महत्वपूर्ण दिन पर भी कार्यक्रम आयोजित किये।

हम नेपाल में रह रहे भारतीय समुदाय को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने 08-10 जनवरी 2023 को मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित 17वें प्रवासी भारतीय दिवस में बड़ी संख्या में भाग लिया। हम समुदाय को "ग्लोबल प्रवासी रिश्ता पोर्टल" (https://pravasirishta.gov.in/home) के लॉन्च के बारे में याद दिलाते हैं। भारतीय समुदाय और विदेशों में भारतीय मिशनों/पोस्टों के बीच एक नेटवर्क स्थापित करने के उद्देश्य से मैं उन्हें ग्लोबल प्रवासी रिश्ता पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आग्रह करता हूं। "ग्लोबल प्रवासी रिश्ता पोर्टल" प्रवासी भारतीयों के लाभ के लिए, और महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दों पर प्रवासी भारतीयों की राय एकत्र करने के लिए शुरू की गई मौजूदा और नई सरकारी योजनाओं पर नवीनतम जानकारी प्रदान करता है।

महावाणिज्य दूतावास नेपाल में भारतीय नागरिकों को पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी करता है और उनकी शिकायतों के निवारण हेतु कांसुलर सेवाओं के लिए "मासिक खुला मंच" आयोजित करता है। अब तक ऐसे 13 "खुला मंच" आयोजित किए जा चुके हैं। महावाणिज्य दूतावास नेपाल में रहने वाले किसी भी पीड़ित भारतीय नागरिक को सहायता प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।

भारतीय महावाणिज्य दूतावास नेपाल के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, भौतिक बुनियादी ढांचे के विकास, छात्रों को छात्रवृत्ति और विश्वसनीय संगठनों को एंबुलेंस/बसें प्रदान करने के अलावा नदी तटबंधों, एकीकृत चेक पोस्ट, रेलवे शृंखला के निर्माण आदि कार्य के लिए प्रतिबद्ध है और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में एक मुख्य स्रोत के रूप में कार्य करता है।

काठमांडू में भारत के दूतावास द्वारा उपहार में दी गई कुल75 एम्बुलेंस में से महावाणिज्य दूतावास ने जुलाई 2022 में दो एम्बुलेंस उपहार में दी जिसमे बीरगंज के ग्रीन सिटी सामुदायिक प्रहरी सेवा केंद्र और जनकपुर के ग्रामीण विकास संगठन शामिल हैं। हम निकट भविष्य में और अधिक एंबुलेंस और स्कूल बसें

वितरित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत ने 20 नवंबर, 2022 के संघीय और प्रांतीय चुनाव को सुचारु रूप से कराने के लिए विभिन्न नेपाली संस्थानों को 200 वाहन प्रदान किए।

भारतीय सेना प्रमुख, जनरल मनोज पांडे की नेपाल यात्रा के दौरान, उन्होंने, नेपाली सेना को, हल्के वाहनों के साथ प्रशिक्षण उपकरण सौंपे जो निश्चित तौर पर नेपाली सेना के कर्मियों की क्षमताओं को बढ़ाएंगे।

नेपाल में भारत की विकास साझेदारी के मुख्य कारकों में ऋण व्यवस्था (लाइन ऑफ क्रेडिट), अनुदान सहायता, उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाएं (एचआईसीडीपी), तकनीकी परामर्श, आपदा राहत और मानवीय सहायता के साथ-साथ भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम (आईटेक) के तहत क्षमता निर्माण इत्यादि कार्यक्रम शामिल हैं।

भारत और नेपाल के बीच लोगों से लोगों का संबंध और सांस्कृतिक जुड़ाव पूरी तरह स्पष्ट है। भारत, नेपाल में रामायण सर्किट विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री रामायण यात्रा "भारत गौरव" पर्यटक ट्रेन 14 डिब्बों और 500 धार्मिक पर्यटकों के साथ 23 जून 2022 को जनकपुरधाम पहुंची थी। यह भारत और नेपाल में रामायण सर्किट को सम्मिलित करने वाली अपनी तरह की पहली पर्यटक ट्रेन थी। अगली "भारत गौरव डीलक्स ट्रेन" 17 फरवरी, 2023 को चलायी जाएगी।

भारतीय महावाणिज्य दूतावास सामयिक हितों के मुद्दों पर नेपाल और भारत के जिला प्रशासन के बीच "सीमा समन्वय बैठकों" का आयोजन करता रहा है। इसी कड़ी में, 2022 के दौरान पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए चितवन, बीरगंज और जनकपुर में बैठकें आयोजित की गईं।

भारतीय महावाणिज्य दूतावास सीमा पार वाहनों की सुगम संचालन की सुविधा प्रदान करता है; व्यापार विवादों के मामले में भी मध्यस्थता करता है तथा विभिन्न निजी और परिवहन वाहनों को उनकी छोटी अवधि और लंबी अवधि की भारत यात्रा के लिए वाहन परमिट जारी करता है।

भारतीय महावाणिज्य दूतावास नेपाल सरकार को विभिन्न राहत सामग्री सौंपता रहा है। हाल ही में, विभिन्न आकारों के लगभग 3000 तम्बू (टेंट) और 10 हवा भरकर चलायी जाने वाली नावें सौंपी गईं।

हमने पिछले छह महीनों के दौरान उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजना के तहत, मुगलिंग में, भारत सरकार द्वारा निर्मित श्री त्रिवेणी बाराह माध्यमिक विद्यालय के स्कूल भवन का उद्घाटन किया और चितवन जिले में, "एम्बैंकमेंट एंड लॉन्चिंग एप्रन" (धुंगरे खोला नदी प्रशिक्षण कार्य) के निर्माण का शिलान्यास किया।

COVID-19 ने, आत्मनिर्भरता 2.0 के लिए भारत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसके तहत भारत ने, अपने नागरिकों को, सार्वजनिक - निजी भागीदारी, केंद्र-राज्य सहयोग और जागरूकता निर्माण की मदद से, टीकों की 2 अरब खुराकें प्रदान की। भारत ने दुनिया भर के देशों को बड़ी संख्या में, जिसका नेपाल लाभार्थी रहा है, टीके और पीपीई का निर्यात भी किया।

नेपाल ने, भारत सरकार द्वारा समर्थित केंद्रीकृत डिजिटल भुगतान करने का रास्ता "एकीकृत भुगतान इंटरफेस" (यूपीआई) को अपनाया है, जो 2021 में दुनिया भर में डिजिटल लेनदेन की सबसे बड़ी संख्या (48 बिलियन) है जो चीन की डिजिटल लेनदेन की संख्या (18 बिलियन) से लगभग तीन गुना बड़ा है और यूएस, कनाडा, यूके, फ्रांस और जर्मनी के संयुक्त लेनदेन से कम से कम छह गुना बड़ा।

भारत अपनी "पड़ोसी पहले" नीति के तहत नेपाल के साथ अपने संबंधों को सबसे अधिक महत्व देता है और विभिन्न पहलों के माध्यम से नेपाल के लोगों का समर्थन करना जारी रखेगा। अंत में, मैं मधेश प्रदेश की नवनियुक्त सरकार को बधाई देता हूं और दोनों सरकारों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की आशा करता हूं।

जय हिन्द!

*****